हिंदी विभाग

CUPB/HINDI/2020/220

पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा

Date: 13-03-2020

अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति (AAC) की बैठक का कार्यवृत्त

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति (**AAC**) की बैठक दिनांक 13-03-2020 को **03:00** बजे विभागाध्यक्ष के कक्ष में आयोजित की गयी, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित थे:

1. प्रोफेसर (डॉ.) पंकज पराशर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. राजेन्द्र कुमार सेन, सह प्रोफेसर एवं संयोजक
3. डॉ. कुलभूषण शर्मा, सहायक प्रोफेसर
4. डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक प्रोफेसर

इस बैठक में निम्न मदों पर चर्चा की गयी-

मद संख्या – 1 फणीश्वरनाथ 'रेणु' शताब्दी समारोह

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विभाग द्वारा फणीश्वरनाथ 'रेणु' के जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वर्ष 2020 में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। इस व्याख्यानमाला के अंतर्गत इस वर्ष के अंत तक विभिन्न विशेषज्ञों को आमंत्रित करके छह व्याख्यान करवाए जाएँगे। वक्ताओं से लिखित में शोध पत्र प्राप्त किए जाएँगे जिससे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को लाभ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम हेतु तिथि एवं वक्ता के निर्धारण हेतु अलग से अनुमति प्राप्त की जाएगी।

मद संख्या – 2 फणीश्वरनाथ 'रेणु' शताब्दी समारोह पर संगोष्ठी

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विभाग द्वारा फणीश्वरनाथ 'रेणु' के जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत वर्ष 2020 में किसी संस्थान के आर्थिक सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के वक्ताओं से उनके शोध पत्र लिखित रूप में प्राप्त किए जाएँगे, जिन्हें विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लाभार्थ प्रकाशित करवाया जाएगा।

मद संख्या – 3 भाषा प्रयोगशाला में हिंदी के सॉफ्टवेयर

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि भाषा प्रयोगशाला में हिंदी से संबंधित सॉफ्टवेयर पता किए जाए और आवश्यकता अनुसार हिंदी के नवीनतम सॉफ्टवेयर क्रय करवाकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाए। डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य हिंदी के नवीनतम सॉफ्टवेयर की सूची बनाकर भाषा प्रयोगशाला की प्रभारी डॉ. शाहिला ज़फर को उचित प्रणाली के द्वारा अवगत करवाएँगे।

13.03.20 13/3/2020 DAM 4605 13.3.2020

मद संख्या – 4 भाषा प्रयोगशाला में हिंदी के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि हिंदी विभाग के विद्यार्थियों को सप्ताह में दो दिन कक्षाओं के उपरांत भाषा प्रयोगशाल में कंप्यूटर पर हिंदी अनुप्रयोग उच्चारण दोष आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. कुलभूषण शर्मा, सहायक आचार्य यह सुनिश्चित करेंगे कि हिंदी के विद्यार्थी कंप्यूटर पर हिंदी के विविध नवीनतम सॉफ्टवेयर के प्रयोग में दक्षता प्राप्त कर सकें।

मद संख्या – 5 परीक्षा एवं विद्यार्थियों से संबंधित दायित्व

समिति द्वारा परीक्षा एवं विद्यार्थियों से संबंधित सभी मामलों हेतु डॉ. राजेन्द्र कुमार, सह आचार्य को संयोजक बनाया गया है। इन मामलों से संबंधित कार्यवाही हेतु कार्यालय को अवगत करवाया जाएगा।

मद संख्या – 6 गतिविधयों के आयोजन से संबंधित दायित्व

समिति द्वारा विभाग में आयोजित की जाने वाली कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों हेतु डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य को संयोजक बनाया गया है।

Deepak

डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय
सहायक आचार्य

डॉ. कुलभूषण शर्मा
सहायक आचार्य

डॉ. राजेन्द्र कुमार
सह आचार्य एवं संयोजक

13.03.2020

आचार्य (डॉ.) पंकज पराशर
आचार्य एवं अध्यक्ष